Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# झूलापाल में दो साल पूर्व किया डामर अब उखड़ने लगा

**जिम्मेदार कौन**

## लोक निमार्ण विभाग की उदासीनता से खतरे के संकेत बढ़े

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। विकासखंड बेरीनाग क्षेत्र के रामगंगा नदी पर बना झूलापाल पिछले तीन साल से खस्ताहाल स्थिति में है। बता दें कि इस झूलापुल में दो साल पहले किया गया डामर अब उखडनें लगा है। मानसून काल सिर पर है। वही दो दर्जन से भी अधिक गांवों को जोड़ने वाले पुल से क्षेत्र के ग्रमीण जान हथेली पर रखकर आवागमन करने को मजबूर हो रहे है।

जानकारी के मुताबिक विकासखंड़ बेरीनाग व कलानीछीना के अगडियागाडा , जालडी ,मुसांव ,रोटन ,मायल ,पिलखी,रौतीली, रीठा ,बगनियागाडा ,पनोली , अनोली के एक दर्जन गांवों के ग्रमीण लंबे समय से जान हथेली पर रखकर इस जर्जर हो चुके पुल से आवागमन करने को मजबूर हो चुके है।

आलम यह है कि नैनी केदारेश्रवर में रामगंगा नदी पर बनाया गया



यह पुल वर्तमान में लोनवि पिथौरागढ़ की अनदेखी की मार झेल रहा है। पुल की संपूर्ण देखरेख का जिम्मेदारी लोनवि पिथौरागढ़ के पास है। वही पुल की वर्तमान में हालत खासतौर पर चौंकाने वाली साबित हो रही है। पल में डामर उखड़ चुका है। डामर उखडने से पुल में लोहे की चादर पूरी तरह से टूटने की स्थिति में आ गई है। वही दूसरी ओर वर्तमान में पुल में जगह–जगह पर गडढे बन चुके है। मानसून काल सिर पर सवार हो चुका है। वही ऐसे में रामगंगा नदी पूरे उफान पर रहती है। वही ऐसे में कळी भी बड़े हादसे का खतरा मंडरा सकता है। गांव के ग्रमीण इस बारे में लोनवि को कई बार समस्या से अवगत करा चुके है। अब तक क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रमीण लोनवि की उपेक्षा से खासे मायूस हो चुके है। क्षेत्र के ग्रमीणों ने कहा है कि लोनवि ग्रमीणों की जन समस्या को दरकिनार कर रहा है। क्षेत्र के ग्रमीणों ने साफ साफ दो टूक लफ्जों में कह डाला कि लोनवि की उदाससीनता क्षेत्र के ग्रमीणों को एक बड़े खतरे की ओर संकेत करने दे रही है। वही क्षेत्र के ग्रमीणों ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को एक शिकायती पत्र भेजा है जिसमें लोनवि से बार बार पुल को बनाने का वही आग्रह करने के बाद भी ग्रमीणों की लोनवि द्वारा उपेक्षा किये जाने की बात पत्र में प्रेषित की है।

जिलाधिकारी डॉक्टर आनंद स्वरूप ने लोनवि को हर हाल में जर्जर हो चुके पुल को ठीक करने के निर्देश दे दिये है।

## न्यूज डायरी

### आप कार्यकर्ताओं ने कर्नल कोठियाल के नेतृत्व में किया सीएम आवास कूच



**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता कर्नल अजय कोठियाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास कूच किया। आप ने कूच को गोपनीय रखा, लेकिन पुलिस ने राजभवन के पास कार्यकर्ताओ को रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से वार्ता की जिद पर अड़ गए। फिलहाल, पुलिस आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई है। 300 यूनिट बिजली फ्री देने की मांग और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता द्वारा उत्तराखंड की जनता के प्रति अभद्र भाषा के विरोध में शुक्रवार को ये कूच आयोजित किया गया था।

### हीरो इलेक्ट्रिक ने जीआईआई एवं ओक्स से 220 करोड़ की ग्रोथ कैपिटल एकत्रित की

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता, हीरो इलेक्ट्रिक वैहिकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने हीरो की छः दशक की विरासत के साथ आज 220 करोड़ रु. की अपनी सीरीज बी फंडिंग के पहले हिस्से की घोषणा की। जीआईआई ने ओक्स द्वारा प्रतिभागिता के साथ इस राउंड का नेतृत्व किया। कंपनी इस निवेश का ईवी उद्योग व परिवेश का सहयोग करने के उद्देश्य से इस्तेमाल करेगी। इस विनिमय में एवेंडस कैपिटल हीरो इलेक्ट्रिक का एक्सक्लुसिव फाईनेंशल एडवाईजर था। नवन मुंजल, मैनेजिंग डायरेक्टर, हीरो इलेक्ट्रिक ने कहा, ''जब हमने फंडिंग का पहला राउंड एकत्रित किया था, तब से लेकर आज तक इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में पिछले कुछ सालों में भारी परिवर्तन हुआ है।

### विद्यामंदिर क्लासेज ने स्ट्रीम सेलेक्टर एवं कैरियर डिस्कवरी टेस्ट शुरू किया

**संवाददाता** देहरादून। छात्रों के लिए सही कैरियर और स्ट्रीम का चयन वाकई एक कठिन कार्य है और लगभग 85 फीसदी छात्रों के लिए सही निर्णय लेना अत्यंत कठिन कार्य होता है। छात्रों को अपना सपना साकार करने के लिए शिक्षित करने तथा प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों के तहत विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) ने मिंडलर के सहयोग से दो अभिनव टेस्ट– वीएमसी दिशा और वीएमसी विजन शुरू किया है। विद्यामंदिर क्लासेज में एकेडमिक्स डायरेक्टर सौरभ कुमार ने कहा, छात्रों को जानकारी और मार्गदर्शन देने के साथ ही उन्हें अपने जीवन के महत्वपूर्ण फैसले लेने में मदद करने का लक्ष्य रखते हुए वीएमसी दिशा और वीएमसी विजन छात्रों की क्षमता को विकसित करते हैं जो उनके उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए अनिवार्य माना जाता है।

# महंगाई के खिलाफ महिला कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

**संवाददाता** रुद्रपुर। महंगाई के खिलाफ महिला मोर्चा का गुस्सा फूट पड़ा। मोर्चा ने कांग्रेस कमेटी की प्रदेश प्रभारी परमिदर कौर की अगुवाई में गल्ला मंडी से प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने बाटा चौक तक पदयात्रा निकाली।

पदयात्रा के दौरान महिला वक्ताओं ने भाजपा पर मातृशक्ति पर अत्याचार का आरोप लगाया। प्रदेश प्रभारी परमिदर कौर ने कहा कि महंगाई चरम पर है। सिलिडर की कीमत बहुत ज्यादा हो गई है। सरसो का तेल दौ सौ रुपये लीटर हो गया है। ऐसे में किचन का बजट गड़बड़ा गया है।जब से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। पेट्रोल सौ रुपये लीटर हो गया है। डीजल के दाम बढ़ने से फसल लागत बढ़ गई है। किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। विकास कार्य ठप है, व्यापारी, किसान सहित सभी वर्ग के लोग परेशान है। भाजपा की कथनी–करनी को जनता समझ चुकी है। जनता भाजपा को विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। प्रदर्शन करने वालों में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश तनेजा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, अनिता कश्यप, बबिता बैरागी, प्रीति साना आदि शामिल थे।

**विलंब हुआ पूर्व मंत्री चले गए**

रुद्रपुर। महंगाई के खिलाफ पूर्वाह्न 11 बजे से गल्ला मंडी से बाटा चौक तक पदयात्रा निकालनी थी।




## उत्तराखंड के 9 जिलों के अस्पतालों को मिलेंगे कंसंट्रेटर

**संवाददाता** हल्द्वानी। आईसीआईसीआई समूह की सीएसआर शाखा आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ (आईसीआईसीआई फाउंडेशन) ने घोषणा की कि उसने उत्तराखंड के अर्ध शहरी और ग्रामीण इलाकों में 80 से अधिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान करने की योजना बनाई है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने बीते दिवस देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस अभियान की शुरुआत की। आईसीआईसीआई फाउंडेशन उत्तराखंड के 9 जिलों के उप–मंडल अस्पतालों को यह ऑक्सीजन कंसंट्रेटर निशुल्क प्रदान करेगा। इनमें देहरादून, नैनीताल, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, चमोली, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले शामिल हैं।

# सचिन पायलट ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को लिया आड़े हाथ

**कहा– जनता की आवाज बन कांग्रेस बनाती रहेगी दबाव**

**संवाददाता** देहरादून। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम कम करने होंगे। इसके लिए कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सरकार पर लगातार दबाव बनाती रहेगी। उन्होंने ये भी कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन होना चाहिए। पायलट राजीव भवन में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दून दौरे हैं। शुक्रवार को वे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे, जहां कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट का कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से उनका काफिला देहरादून के लिए रवाना हुआ। इस दौरान कार्यकर्त्ताओं ने कांग्रेस जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

मांगों को लेकर राजभवन कूच करने वाले 200 आंदोलनकारियों के खिलाफ डालनवाला कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर मणिभूषण श्रीवास्ताव ने बताया कि बुधवार को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संयुक्त मंच के बैनर तले विभिन्न राज्य आंदोलनकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने राजभवन कूच किया था। पुलिस ने उन्हें हाथीबड़कला चौक पर रोका तो वह नहीं मानें और करीब तीन घंटे धरने पर बैठे रहे। इस पर जब उनसे रैली निकालने संबंधी अनुमति पत्र दिखाने को कहा गया तो वह नहीं दिखा सके। इस दौरान कई व्यक्तियों ने मास्क नहीं पहना था और शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं किया गया गया।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर वीडियो एडिट करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि पार्टी के मीडिया पैनलिस्ट प्रभाकर उनियाल ने एक चौनल में बयान दिया गया। इस बयान के वीडियो को किसी ने एडिट किया है।

## अमेजन इंडिया ने अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क में 40 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन इंडिया ने आज पिछले वर्ष की तुलना में अपनी भंडारण क्षमता में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए, भारत में अपने फुलफिलमेंट नेटवर्क का विस्तार करने की घोषणा की। इस विस्तार के साथ, Amazon.in की 15 राज्यों में 43 मिलियन क्यूबिक फीट से अधिक भंडारण क्षमता होगी, जो पूरे भारत में लगभग 8.5 लाख सेलर्स की मदद करेगी। यह विस्तार अमेजन इंडिया के देश में भारी निवेश करना जारी रखने तथा हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने के प्रयासों के अनुरूप है। अमेजन इंडिया का कुल फुलफिलमेंट नेटवर्क 10 मिलियन वर्ग फुट से अधिक के फ्लोर एरिया में फैला होगा, जो 125 फुटबॉल मैदानों के आकार से भी अधिक है और जिसमें नोट बुक से लेकर डिश वॉशर तक लाखों उत्पाद उपलब्ध होंगे। जो रोजमर्रा की जरूरतों और किराने के लिए अमेजन फ्रेश सेलेक्शन के लिए समर्पित हैं।